<u>**Sixteenth Loksabha**</u>

an>

Title: Need to provide financial assistance to farmers for fencing of their agricultural fields - Laid.

**श्री ओम बिरला (कोटा):**किसानों के खेत में खड़ी फसलों को नीलगाय, जंगली सुअर व अन्य जानवरों द्वारा ख़राब करने के कारण किसानों को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के एक अध्ययन के अनुसार जंगली जानवरों के कारण 30 प्रतिशत फसलों का नुकसान होता है। समय के साथ जानवरों की संख्या बढ़ने के कारण फसलों का नुकसान भी बढ़ रहा है।

मेरी सरकार से मांग है कि वन्य जीवों से फसलों की सुरक्षा के लिए किए जाने वाले विभिन्न उपायों जैसे बाड़बंदी तथा तारबंदी आदि प्रबंधों के लिए किसानों को आवश्यक वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाने पर विचार किए जाए और फसल बीमा में भी उक्त जोखिम को शामिल करने का प्रयास किया जाए तथा बाड़बंदी और तारबंदी सहित सुरक्षा के कार्यों को नरेगा में सम्मिलित किया जाए ताकि किसानों को आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके।